email: cfbhagi-forest-uk@nic.in
फोन/फैक्स– 0135–2431159,

# कार्यालय वन संरक्षक, भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड, मुनिकीरेती

पत्रांक – 432 / 12-1 , दिनांक,मुनिकीरेती 30 /08/2022।

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक,
एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय :– जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र देवप्रयाग के विकास्खण्ड कीर्तिनगर के अन्तर्गत चिलेडी–मणजुली मोटर मार्ग के कि0मी0 6 हे0मी0 2–4 में चौरीखाल–सिरवाडी–काण्ड़ा मोटर मार्ग का नवनिर्माण प्रस्ताव सं0–(FP/UK/ROAD/151193/2022)

सन्दर्भ :– आपका पत्रांक–2691/FP/UK/ROAD/151193/2022 दिनांक 07.05.2022 एवं प्रभागीय वनाधिकारी, नरेन्द्रनगर वन प्रभाग का पत्रांक–470/12–1 दिनांक 18.08.2022.

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र से इंगित कमियों का निराकरण कर बिन्दुवार अनुपालन आख्या निम्न प्रकार प्रेषित किया जा रहा है :–

| क्र0 सं0 | आपत्ति | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | Part-I के A-1 के (iii) में प्रस्ताव का संक्षिप्त विवरण लिखा जाना आपेक्षित है। | **बिन्दु संख्या–01** के अनुपालन में प्रस्तावक विभाग द्वारा आनलाईन भाग–1 के A-1 के (iii) में प्रस्ताव का संक्षिप्त विवरण अंकित कर दिया गया है। |
| 2 | प्रस्ताव के क्रियान्वयन से प्रभावित होने वाले वृक्षों का मूल्यांकन (प्रारूप–20) प्रारूप को पूर्ण रूप से भर कर संलग्न किया जाय। | **बिन्दु संख्या–02** के अनुपालन में प्रस्तावक विभाग द्वारा प्रभावित होने वाले वृक्षों का मूल्यांकन (प्रारूप–20) प्रारूप पूर्ण रूप से भरकर भाग–1 के **Additional Column** में अपलोड किया गया है। जिसकी प्रति मय संलग्नकों के अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रहीं है। **(संलग्न–1)** |
| 3 | प्रस्ताव में संलग्न प्रारूप–19 एवं प्रारूप–20 में बांज वृक्षों की संख्या में भिन्नता पायी गयी है एवं प्रभावित होने वाले बांज वृक्षों के सम्बन्ध में सम्बन्धित वन संरक्षक स्तर का प्रमाण–पत्र अपेक्षित है। | **बिन्दु संख्या–03** के अनुपालन में प्रस्तावक विभाग द्वारा प्रारूप–19 एवं 20 में बांज वृक्षों का मिलान कर दिया गया है तथा बांज वृक्षों से सम्बन्धित प्रमाण–पत्र प्रस्ताव के प्रारूप–22 में संलग्न किया गया है। |
| 4 | प्रस्ताव में संलग्न पथ वृक्षारोपण योजना में प्रभागीय वनाधिकारी के हस्ताक्षर अपेक्षित है। | **बिन्दु संख्या–04** के अनुपालन में पथ वृक्षारोपण योजना में अधोहस्ताक्षरी के द्वारा हस्ताक्षरित प्रति भाग–2 के **Additional Column** में यथास्थान अपलोड कर दी गई है। जिसके प्रति मय संलग्नकों के अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रहीं है। **(संलग्न–2)** |
| 5 | मार्ग निर्माण से प्रभावित होने वाली सिविल भूमि के स्वामित्व का प्रमाण–पत्र संलग्न किया जाय। इसके अतिरिक्त भू–स्वामियों के अनापत्ति प्रमाण–पत्र में खसरे नं0 भी अंकित किये जाय। | **बिन्दु संख्या–05** के अनुपालन में प्रस्तावक विभाग के द्वारा मार्ग निर्माण से प्रभावित होने वाली सिविल भूमि के स्वामित्व का प्रमाण–पत्र संलग्न किया गया है। इसके अतिरिक्त भू–स्वामियों के अनापत्ति प्रमाण पत्र में खसरा सं0 का भी उल्लेख कर दिया गया है। जिसकी प्रति मय संलग्नकों के अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रहीं है। **(संलग्न–3)** |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | परियोजना निर्माण से प्रभावित होने वाले वृक्षों का अंग्रेजी/वैज्ञानिक/स्थानीय नाम अंकित करते हुये प्रारूप- Additional Column में अपलोड किया जाय। | **बिन्दु संख्या-06** के अनुपालन में प्रस्तावक विभाग के द्वारा परियोजना निर्माण में प्रभावित होने वाले वृक्षों का अंग्रेजी/वैज्ञानिक/स्थानीय नाम अंकित करते हुये प्रारूप भाग-1 के Additional Column में यथास्थान अपलोड कर दिया गया है। जिसकी प्रति मय संलग्नकों के अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है। **(संलग्न-4)** |
| 7 | एन0पी0वी0 की देय धनराशि का आंकलन नई दरों से किया जाना अपेक्षित है। इसके अतिरिक्त प्रपत्र आनलाईन पोर्टल पर यथास्थान अपलोड करते हुये प्रस्ताव में भी संलग्न किया जाय। | **बिन्दु संख्या-07** के अनुपालन में प्रस्तावक विभाग के द्वारा एन0पी0वी0 की धनराशि का आंकलन नई दरों पर गठित कर भाग-1 एवं भाग-2 के Additional Column में यथास्थान अपलोड कर दिया गया है। जिसकी प्रति मय संलग्नकों के अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रहीं है। **(संलग्न-5)** |
| 8 | प्रस्ताव में अपलोड के0एम0एल0 फाइल में मलबा निस्तारण हेतु प्रस्तावित स्थल अंकित नहीं है। मलबा निस्तारण हेतु चयनित स्थलों को के0एम0एल0 में यथास्थान अंकित करने का कष्ट करें। | **बिन्दु संख्या-08** के अनुपालन में प्रस्तावक विभाग के द्वारा प्रस्ताव में अपलोड के0एम0एल0 फाइल में मलबा निस्तारण हेतु प्रस्तावित स्थल को अंकित करते हुये के0एम0एल0 फाईल आनलाईन भाग-1 में यथास्थान अपलोड कर दी गई है। |

**संलग्न- 03 प्रतियों में :-**

भवदीय

27/8/22

**(धर्म सिंह मीणा)**

वन संरक्षक

**संख्याः-　　　　/　　　　दिनांकित।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित :-**

1. प्रभागीय वनाधिकारी, नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, मुनिकीरेती को उनके उपरोक्त संदर्भित पत्र के क्रम में।
2. अधिशासी अभियन्ता अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0 श्रीनगर मुख्यालय-कीर्तिनगर।

27/8/22

**(धर्म सिंह मीणा)**

वन संरक्षक